# ‘डुप्लीकेट टैग से भुगतान उठाना नहीं होगा मुमकिन’

## गौ-पालन विभाग ने अपनी ‘मोबाइल एप’ में किया अपग्रेडेशन

- सरकार की 29.58 करोड़ रु. की राशि की बचत : मंत्री जोराराम कुमावत
- 811 करोड़ के लिए भौतिक सत्यापन कराया : मंत्री



गौपालन, डेयरी, पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को प्रेस कॉफ्रेंस की।

**जयपुर** । प्रदेश की गौशालाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ अनुदान राशि का भुगतान समय पर मिले इसके लिए गोपालन विभाग ने अपनी ‘एप’ में आमूलचूल परिवर्तन किया है।

इस परिवर्तन के साथ डुप्लीकेट टैग के जरिए भुगतान उठाने की आशंका पूरी तरह से खत्म हो गई है। इस एप में अपडेग्रेडेशन के बाद राज्य सरकार को करीब 29 करोड़ रुपए की राशि की बचत हुई है।

यह बात गोपालन, डेयरी, पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने एक प्रेस वार्ता में कही।

जोराराम कुमावत ने कहा कि तत्कालीन सरकार के समय गौवंश की संख्या अधिक बताकर करोड़ों रुपए का फर्जी भुगतान उठाने का मामला सामने आने पर उसकी जांच करवाई गई। जांच के बाद अकेले जैसलमेर जिले में 28 गौशालाओं को दोषी पाए जाने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट करते हुए वर्ष-2024-25 के दूसरे चरण का भुगतान रोक दिया। इन गौशालाओं की विस्तृत व प्रभावी तरीके से जांच के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को जांच सौंपी गई है। इसके अलावा पिछले कुछ समय से गौवंश के डुप्लीकेट टैग लगाकर उनकी संख्या अधिक दिखाकर भुगतान उठाने के मामले भी गोपालन विभाग ने पकड़े हैं। इस जांच में 49 हजार 314 फर्जी गौवंश का भंडाफोड़ करते हुए संबंधित गौशालाओं की अनुदान राशि रोकी गई है। इससे गोपालन विभाग ने 29 करोड़ 58 लाख 84 हजार रुपए की राशि की बचत की है।

गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि गौशालाओं को समय पर अनुदान राशि का भुगतान हो इसके लिए गोपालन विभाग की एप में अपग्रेडेशन किया गया है। इसके बाद नवंबर, दिसंबर-2024, जनवरी, फरवरी व मार्च-2025 तक के 150 दिन की बकाया करीब 811 करोड़ रुपए की राशि जल्द ही जारी की जाएगी। इसके लिए विभागीय स्तर पर भौतिक सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया है।

मंत्री कुमावत ने पशुपालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, नस्ल सुधार के लिए गिर गाय में ब्राजील के उन्नत नस्ल के गिर सांड का सीमन लगाने, सैक्स सोर्टेड तकनीक, मोबाइल वेटेनरी वैन, गोपालक क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

कुमावत ने कहा कि पशुपालकों को उनके द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु मेडिकल सेवा-108 की तर्ज पर 1962 मोबाइल वेटेरिनरी सेवाएं प्रारंभ की गई है। 536 मोबाइल वाहनों द्वारा अब तक 48 लाख पशुओं का उपचार कर 11.92 लाख से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 400 करोड़ का व्यय कर गाय, भैंस, भेड़-बकरी एवं ऊँट सहित 21 लाख पशुओं का नि:शुल्क बीमा किये जाने के लिए ऑनलाईन पंजीकरण 13 दिसम्बर, 2024 से प्रारम्भ कर 8.95 लाख पषुपालकों के 20.30 लाख पशुओं का पंजीकरण किया गया। योजना के तहत अब तक 337134 परिवार के 6.57 लाख पशुओं की नि:शुल्क बीमा पॉलिसी जारी की है। 2025-26 के दौरान 42 लाख पशुओं का बीमा नि:शुल्क किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गौवंश की चिंता करते हुए दो बार में करीब 25 फीसदी तक प्रति गौवंश की अनुदान राशि में बढोतरी की है। इससे प्रदेश की तीन हजार से ज्यादा गौशालाओं के 13 लाख 80 हजार गौवंश को चारा, पानी इत्यादि उपलब्ध होगा।

मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि नंदियों की उचित देखभाल, चिकित्सा व चारे इत्यादि के प्रभावी क्रिन्यावयन के लिए राजस्थान सरकार संवेदनशील है। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंचायत समिति स्तर पर नंदीशाला खोलने के लिए एक करोड़ 57 लाख रुपए देने का प्रावधान किया। इसी का परिणाम है कि 109 नंदीशाला बनाने की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 65 नंदीशालाओं का कार्य प्रगति पर है। इनमें से 10 नंदीशाला का कार्य पूरा होने पर उनमें कुल 4708 नंदियों को आवासित कर दिया गया है। इसके अलावा 34 नंदीशालाओं का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि नंदीशालाओं के विकास कार्यों के लिए 2740 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

जोराराम कुमावत ने कहा कि गौमाता के नाम पर किसी भी तरह का गलत भुगतान उठाने की किसी को भी इजाजत नहीं दी जाएगी। जो भी ऐसा करता पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

# दुष्कर्म के आरोपी हैड कांस्टेबल की जमानत मंजूर की हाईकोर्ट ने

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने दुष्कर्म और देहशोषण के आरोपी प्रताप नगर थाने के हैड कांस्टेबल को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए है। ज्ञात रहे कि आरोपी के खिलाफ एक युवती ने जुलाई 2024 में एफआईआर दर्ज करवायी थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे 30 जनवरी 2025 को गिरफ्तार कर लिया था। अब 23 जून को राजस्थान हाईकोर्ट की एकलपीठ में न्यायाधीश आशुतोष कुमार ने आरोपी की जमानत मंजूर करते हुए उसे रिहा करने के आदेश दिए है। आरोपी की ओर से अदालत में अधिवक्ता डॉ. विभूतिभूषण शर्मा ने पैरवी की।

डॉ. शर्मा ने बताया कि जुलाई 2024 को दर्ज एफ.आई.आर. में युवती का आरोप था कि आरोपी पुलिस हैड कांस्टेबल सुरेन्द्र शर्मा ने वर्ष 2011 में मुझे कुछ पिलाकर बलात्कार किया और विडियो फोटो बना लिये और 2023 तक मेरा यौन शोषण किया। मेरे जमीन के कागजात और पैसे हड़प लिए। इस मामले में पुलिस ने 30 जनवरी को सुरेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार किया था।

अधिवक्ता डॉ. विभूतिभूषण शर्मा का कहना है कि, युवती ने आरोपी को गलत फंसाया है उसने आरोपी से लाखों रूपये हड़पे हैं, जमीन के कागज उसने प्लॉट बिकवाने के लिये दिये थे, जो आरोपी से गुम हो गये थे। इस विषय पर दोनों पक्षों के बीच एक समझौता पत्र मई 2024 में हुआ। आरोपी समझौते के पत्र के अनुसार एक महीने में जमीन के कागज या जमीन की कीमत अदा नहीं कर पाया तो पीडिता ने जुलाई 2024 में बलात्कार और ब्लैकमेलिंग की झूठी एफ.आई.आर. दर्ज करवा दी। मोबाईल की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट में कोई फोटो और विडियो बनना नहीं मिला, पुलिस जांच में भी किसी तरह का कोई विडियो या फोटो वायरल होने के तथ्य सामने नहीं आए.. न ही पीडिता से ब्लैकमेलिंग साबित हुई। बल्कि आरोपी के खाते से युवती के खाते में पैसे भेजे जाने का विवरण उपलब्ध है। अधिवक्ता ने अदालत में ददील दी कि, अगर पीड़िता के साथ कोई दुष्कर्म हुआ था तो वह बालिग थी और पूर्व में भी इस संदर्भ में रिपोर्ट दर्ज करवा सकती थी। इसलिए आरोपी की जमानत याचिका मंजूर की जाए। पूरा मामला सुनने के बाद राजस्थान हाईकोर्ट की एकलपीठ ने आरोपी हैडकांस्टेबल सुरेन्द्र शर्मा की जमानत याचिका मंजूर करते हुए 50 हजार रु. का बॉण्ड पत्र और 25-25 हजार रुपये की दो प्रतिभूतियां जमा करवाने के आदेश दिए।

# हृदय प्रत्यारोपण की मिसाल बनीं धोली देवी का सम्मान

**जयपुर** । एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के कार्डियक थोरैसिक सर्जरी विभाग द्वारा अंगदान को लेकर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन जेएमए सभागार में किया गया। यह संगोष्ठी हृदय प्रत्यारोपण रिसिपिएंट धोली देवी के सफल ऑपरेशन के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। धोली देवी, जिनका हृदय प्रत्यारोपण वर्ष 2022 में सफलतापूर्वक किया गया था, अब न केवल स्वास्थ्यपूर्ण जीवन जी रही हैं बल्कि अंगदान के प्रति लोगों को प्रेरित भी कर रही हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं कार्डियक ट्रांसप्लांट सर्जन कार्यक्रम में डॉ. रामगोपाल यादव ने कहा कि हमें समाज में अंगदान को लेकर संवाद बढ़ाना होगा। संगोष्ठी में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी, नोडल अधिकारी डॉ. मनीष अग्रवाल, सीटी सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल शर्मा, एडिशनल अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह, नर्सिंग अधीक्षक सुरेश मीणा, नर्सिंग इंचार्ज रोशन, डॉ. चित्रा सिंह सहित बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### एस.पी.जी. की शैक्षणिक यात्रा संपन्न



**जयपुर** । सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रिवांस (एसपीजी) इंडिया द्वारा छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए आयोजित आठ दिवसीय शैक्षणिक एवं साहसिक यात्रा थाईलैंड में सफलता के साथ सम्पन्न हो गई। प्रतिनिधिमंडल के सभी 27 प्रतिभागी ज्ञान, अनुभव और मधुर स्मृतियों के साथ भारत लौट आए है। एसपीजी इंडिया के अध्यक्ष बी. डी. रावत एवं सचिव डॉ. गोविंद रावत (एडवोकेट) ने बताया कि यह यात्रा छात्रों की गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक और ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक संस्कृति, इतिहास, तकनीक और प्रकृति के विविध आयामों से रूबरू होने का अवसर प्राप्त हुआ। महिला विंग की अध्यक्ष गिर्राज देवी ने बताया कि थाईलैंड का चयन विशेष रूप से उसकी गर्मजोशी भरी संस्कृति, ऐतिहासिक समृद्धि और ‘मुस्कान की भूमि’ के रूप में उसकी पहचान के कारण किया गया। थाईलैंड न केवल एशिया का एक प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र है, बल्कि यह अपने अतुलनीय प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए भी प्रसिद्ध है। इस मौके पर यात्रा समन्वयक हर्षित कट्टा एवं सीए प्रियंका, संयुक्त सचिव सोनल पटोदिया एवं डॉ. गुंजन, उपाध्यक्ष प्रेमकांत, विजय लक्ष्मी एवं अनुज पटोदिया भी मौजूद थे। ‘ड्रॉ योर ड्रीम डेस्टिनेशन’ प्रतियोगिता में दर्श ने प्रथम, त्रिशका ने द्वितीय और श्रीयान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य 10 प्रतिभागियों को विशेष प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### बच्चों को एक्टिवा और टेबलेट बांटे




**जयपुर** । आमेर रोड पर गोविंद नगर पश्चिम स्थित शिवम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत परिणाम देकर जयपुर में परचम फहराया। बोर्ड परीक्षा में 75 से 98 प्रतिशत तक अंक लाने वाले प्रतिभावान 3 बच्चों को स्कूल की ओर से एक्टिवा स्कूटर, 8 बच्चों को टेबलेट और अन्य 62 बच्चों को चेक के माध्यम से पुरस्कृत किया। यह समारोह जयपुर हैरिटेज होटल में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक कमल नयन, जयसिंहपुरा खोर व सुभाष चौक थाना प्रभारी, समाजसेवी अमर अग्रवाल मौजूद रहे। शिक्षकों का सम्मान सचिव जी.एस. गर्ग ने किया।

### एसुस के नए गेमिंग लैपटॉप्स लॉन्च

**जयपुर** । एसुस इंडिया ने छात्र, कैज़ुअल गेमर, क्रिएटर और हार्डकोर गेमर्स के लिए ऑल-न्यू टीयूएफ गेमिंग एफ16 के साथ आरओजी स्ट्रिक्स जी16 को लॉन्च किया है, जो एनवीआईडिया जीफोर्स आरटीएक्स-टीएम 5050 ग्राफिक्स से लैस है। इसके साथ ही, एसुस आरओजी ने अपने मौजूदा 2024 आरओजी स्ट्रिक्स जी16 (जी614) लाइनअप को भी अपग्रेड करते हुए नया आरटीएक्स-टीएम 5050 जीपीयू शामिल किया है, जो अलग-अलग कीमत की श्रेणियों में हाई-परफॉर्मेंस गेमिंग देने की इसकी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करता है। यह जानकारी अर्नोल्ड सू, वाइस प्रेसिडेंट, कंज़्यूमर और गेमिंग पीसी, एसुस इंडिया ने दी है।

### एसीएमई को 1072 करोड़ की रि-फंडिंग

**जयपुर** । भारत की लीडिंग रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी और एसीएमई ग्रुप का हिस्सा, एसीएमई सोलर होल्डिंग्स ने अपनी 100 प्रतिशत सब्सिडियरी कंपनी एसीएमई अकलेरा पावर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए 1072 करोड़ की घरेलू प्रोजेक्ट फाइनेंस सुविधा प्राप्त की है। यह फंडिंग राजस्थान स्थित 250 मेगावॉट के चालू प्रोजेक्ट के लिए ली गई है, ताकि पुराने कर्ज का पुनर्भुगतान किया जा सके और वित्तीय लागत को 95 बेसिस प्वाइंट घटाकर सालाना 8.5 प्रतिशत तक कम किया जा सके। यह प्रोजेक्ट लगभग 18 महीनों से चालू है और वित्त वर्ष-25 में इसने 29.3 प्रतिशत की सीयूएफ हासिल की है। इस प्रोजेक्ट के लिए 18 वर्षों की अवधि वाली री-फाइनेंसिंग की गई है, जो बैंक ऑफ़ अमेरिका और स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक जैसी संस्थाओं के नेतृत्व वाले एक समूह से प्राप्त हुई है।

### सचिवालय का अनुभाग अधिकारी गिरफ्तार

**जयपुर** । अशोक नगर थाना पुलिस ने दो साल से फरार पुनर्वास विभाग शासन सचिवालय जयपुर के अनुभाग अधिकारी गिरधारी लाल मीणा निवासी बरौनी जिला टोंक हाल गांधीनगर टोंक फाटक को गिरफ्तार किया है। उसने राजस्व (ग्रुप-10/पुनर्वास) विभाग सचिवालय जयपुर के कार्मिको की एसएसओ आईडी व पासवर्ड हैक करके ई-ऑफिस से कतिपय प्रकरणों से संबंधित ई-फाईल को उपयोग में लिया था।

# ग्रेटर कमिश्नर ने सुबह दो घंटे फील्ड में घूमकर जांची सफाई



ग्रेटर नगर निगम कमिश्नर गौरव सैनी ने मंगलवार सुबह निरीक्षण किया।

**जयपुर** । नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह 7 बजे फील्ड में जाकर शहर की सफाई व्यवस्था, नालों की स्थिति, पार्कों की स्थिति, फायर स्टेशन, बाढ़ नियत्रंण केन्द्रों, प्रगतिरत विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त (स्वास्थ्य) ओम प्रकाश थानवी, अधीक्षण अभियन्ता नितिन शर्मा, उपायुक्त गैराज करणी सिंह, संबंधित जोन उपायुक्त एवं अधिकारी मौजूद रहे।

करीब 2 घंटे से अधिक समय तक चले निरीक्षण में आयुक्त ने मानसरोवर एवं सांगानेर जोन क्षेत्राधिकार की सफाई व्यवस्था, प्रगतिरत विकास कार्यो को देखा। सबसे पहले आयुक्त सांगानेर पुलिया पहुंचे वहां सीएसआई, एसआई को निर्देश दिये कि सड़कों पर से कचरा निरन्तर उठना चाहिए। जहां डस्टबिन टूट गये है उन्हें ठीक किया जाये या बदला जाये।

# रवि जैन ने ली अफसरों की बैठक

**जयपुर** (कासं)। स्वायत्त शासन विभाग के नव नियुक्त शासन सचिव रवि जैन ने मंगलवार को मुख्यालय के सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं एवं चुनौतियों की व्यापक जानकारी प्राप्त करना तथा भविष्य की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में मार्गदर्शन देना था।

जैन ने अधिकारियों से कहा कि शहरी जनजीवन से जुड़ी योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत योजना, अन्नपूर्णा रसोई योजना, शहरों की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, नालों की सफाई, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं आदि पर धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उन्होंने प्रमुख चुनौतियों जैसे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जलभराव, स्ट्रीट वेंडर ज़ोन का सुव्यवस्थित संचालन, राजस्व वृद्धि एवं नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस को विस्तार देने की दिशा में अधिकारियों से फीडबैक लिया।

# ‘राजस्थान के चटकीले रंग करते हैं आकर्षित प्रभावी मार्केटिंग होगी पर्यटन ब्रांडिंग में अहम’



प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने मंगलवार को पर्यटन विभाग की पहली समीक्षा बैठक ली।

**जयपुर** । प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने मंगलवार को पर्यटन विभाग की पहली समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान में कई क्षेत्रों में पर्यटन विकास किया जा सकता है, इसके लिए योजनाबद्ध कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के चटकीले रंग करते हैं आकर्षित, यहाँ कि शानदार कला संस्कृति और शौर्यपूर्ण इतिहास भी पर्यटकों के लिए आकर्षित करने वाले, प्रभावी मार्केटिंग भी प्रदेश की पर्यटन ब्रांडिंग में बहुत अहम है। यह प्रदेश देश और पूरी दुनिया में अद्वितीय स्थान रखता है।

प्रमुख सचिव ने कहा कि राजस्थान में विपुल पर्यटन आकर्षण स्थल हैं जिनके आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के कार्यों के प्रोजेक्ट तैयार किए जाने चाहिए। राज्य में आगन्तुक पर्यटकों के आगमन का डेटा व्यवस्थित रूप से संकलित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया । उन्होंने कहा कि इसके लिए कोई सॉफ्टवेयर अथवा मोबइल ऐप भी विकसित किया जा सकता है।

आयुक्त रुक्मणि रियार ने कहा कि पर्यटन को 360 डिग्री बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। हमारे यहां ऐसे मेले प्रदर्शनियां आयोजित की जाएं जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नए ब्रांड के रूप में उभरे जिसमें कला प्रदर्शन के साथ ही कला उत्पादों की बिक्री भी बड़े स्तर पर हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारत सरकार की पर्यटन सम्बंधित योजनाओं का तत्परता और नियोजित रूप से क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में अतिरिक्त निदेशक पर्यटन आनंद त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक पर्यटन राजेश शर्मा, संयुक्त निदेशक मेले त्योहार पुनीता सिंह, संयुक्त निदेशक मार्केटिंग दलीप सिंह, उप निदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत मौजूद थे।

# दुपहिया वाहन चुराने वाली गैंग के दो बदमाश दबोचे



**जयपुर** । ब्रह्मपुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाली गैंग के दो शातिर बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पा से तीन महंगी पावर बाइक सहित आठ चोरी के दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। इसके अलावा एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाली गैंग शातिर वाहन चोर सचिन मीणा पुत्र लल्लूराम मीणा और सचिन मीणा पुत्र छोटेलाल को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपी थानागाजी जिला अलवर के रहने वाले है। इसके अलावा इस वारदात में लिप्त एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया है। जिनके पास से कई जगहों से चुराई गई तीन पावर बाइक सहित आठ दुपहिया वाहन जब्त किए गए है। पुलिस जानकारी में सामने में आया कि आरोपित कुछ समय के लिए जयपुर शहर में मकान किराए पर लेकर वारदात को अंजाम देते है और चोरी किए गए वाहनों को औने-पौने दामों में बेच कर अपने शौक पूरे कर वापस गांव चले जाते है।

# सहकारी समितियों में 1 से 7 अक्टूबर के मध्य अनिवार्य रूप से हो आमसभा

## पैक्स स्तर तक करें खाद-बीज की गुणवत्ता की जांच : मंत्री गौत्तम दक

- ‘सहकार से समृद्धि’ के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारों में लाएं गति : सहकारिता मंत्री



सहकारिता मंत्री गौत्तम कुमार दक ने मंगलवार को सचिवालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर नवाचारों की समीक्षा की।

**जयपुर** । सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी समितियों में ऑडिट और आमसभा की कार्यवाही समयबद्ध रूप से सम्पन्न होनी चाहिए। आमसभा केवल औपचारिकता नहीं हो, बल्कि इसमें लोगों के सुझाव प्राप्त करने और नवाचारों की जानकारी देने पर फोकस किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर पैक्स स्तर तक खाद-बीज की गुणवत्ता की जांच करने तथा विभाग में मॉनिटरिंग सिस्टम को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। दक मंगलवार को शासन सचिवालय के मंत्रालय भवन स्थित अपने कक्ष में ‘सहकार से समृद्धि’ के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों की आमसभा आयोजित करने के लिए 1 से 7 अक्टूबर तक की समयावधि निर्धारित कर सुनिश्चित किया जाए कि उक्त अवधि में शत प्रतिशत पैक्स की आमसभा अनिवार्य रूप से सम्पन्न हो। साथ ही, पैक्स के सूचना पटल में वर्णित जमाओं व अन्य संबंधित जानकारियों के विवरण के साथ आमसभा के फोटो भी मंगवाए जाएं। इससे सहकारी समितियों के कामकाज में पारदर्शिता आएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पास खाद-बीज विक्रय के लाइसेंस हैं, उनका आगामी दिनों में अभियान चलाकर आवश्यक रूप से निरीक्षण करवाया जाए। निरीक्षण के दौरान खाद-बीज की गुणवत्ता की जांच कर सुनिश्चित किया जाए कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। सहकारिता मंत्री ने पैक्स कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में और गति लाने तथा गो-लाइव हो चुकी पैक्स को हैण्ड-होल्डिंग सर्टिफिकेट यथाशीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गो-लाइव हो चुकी पैक्स की ई-ऑडिट करवाई जाए। बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया कि अब तक 5,301 पैक्स गो-लाइव हो चुकी है जबकि, 2,398 पैक्स को हैण्ड होल्डिंग प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक 713 पैक्स द्वारा ई-ऑडिट करवाई जा चुकी है। दक ने बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन में अपेक्षित प्रगति हासिल करते हुए एनसीडी पोर्टल पर डेटा अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में पैक्स के गठन तथा निष्क्रिय सहकारी समतियों के अवसायन के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

दक ने विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अन्न भण्डारण योजना के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे गोदामों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप इन्हें किराये पर देने की प्रक्रिया शुरु करने के निर्देश दिए। इससे पैक्स की आय में वृद्धि होगी। दक ने कहा कि पैक्स द्वारा जन औषधि केन्द्र का संचालन करने से पूर्व उसकी व्यवहार्यता परखी जाए। पैक्स द्वारा एफपीओ के साथ ही नये कस्टम हायरिंग सेंटर खोले जाने की दिशा में भी कार्य किया जाए। उन्होंने नये गठित होने वाले पैक्स के लिए भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की सदस्यता अनिवार्य किए जाने पर भी जोर दिया। प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि जन औषधि केन्द्र के रूप में पैक्स हेतु 200 आवेदन हुए हैं जिनमें से 172 का प्रारम्भिक अनुमोदन कर दिया है। प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के रूप में उर्वरक लाइसेंस प्राप्त पैक्स की संख्या 4030 एवं कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में कार्यरत पैक्स की संख्या 5209 है। राजपाल ने बताया कि राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लि. की 217, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. की 185 एवं भारतीय बीज सहकारी समिति लि. की 2,516 समितियों द्वारा सदस्यता ली जा चुकी है।

# 11 साल का लापता बालक 10 दिन की मेहनत के बाद दस्तयाब

**जयपुर** । मालवीय नगर थाना पुलिस ने 11 साल के लापता बालक विकास मीना को 10 दिन की मेहनत के बाद दस्तयाब कर लिया। विकास 13 जून को बिना बताए घर से चला गया था। उसके पिता मलकेश मीना ने 17 जून को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने ऑपरेशन खुशी 2025 के तहत कार्रवाई शुरू की।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशाराम चौधरी और सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य पूनिया के निर्देशन में जांच शुरू हुई। बालक पहले भी तीन बार घर से बिना बताए जा चुका था। पिछली बार 28 जुलाई 2024 को मामला दर्ज हुआ था। इस बार सूचना देर से मिलने के कारण सीसीटीवी फुटेज खंगालने में दिक्कत आई। फिर भी टीम ने मालवीय नगर सेक्टर 3, मॉडल टाउन और जगतपुरा रेलवे स्टेशन तक कैमरे चेक किए।

जांच में पता चला कि विकास 13 जून को ही जगतपुरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठकर जयपुर से बाहर चला गया था। इसके बाद पुलिस ने बांदीकुई, अलवर, भरतपुर, गोवर्धन, वृंदावन और बयाना रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। गोवर्धन और वृंदावन के मंदिरों के फुटेज भी देखे गए। आखिरकार 23 जून को विकास मीना को भरतपुर जिले के बयाना के गांव दादरैन से दस्तयाब किया गया। पुलिस ने बालक को सकुशल उसके पिता को सौंप दिया। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल लक्ष्मीचंद और कांस्टेबल रामजीलाल की विशेष भूमिका रही।

# बारिश के बीच निगम आयुक्त पहुंची जल भराव वाली जगह

## अलसुबह करीब छह बजे से किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



हैरिटेज निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने क्षेत्र का दौरा किया।

**जयपुर** । नगर निगम हैरिटेज जयपुर आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने मंगलवार को निगम क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान निगम आयुक्त निधि पटेल शहर में हो रही लगातार बारिश के बीच निगम अधिकारियों के साथ जल भराव वाली जगहों पर पहुंची और लोगों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

इससे पहले निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने हेरिटेज निगम मुख्यालय में निगम के विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। जिसमें हेरिटेज निगम अधिकारियों के साथ वन टू वन बात की और चल रहे विकास कार्यों की प्रगति के बारे जाना। इस दौरान आयुक्त ने कहा कि वे लगातार फील्ड में निरीक्षण करेंगी। ऐसे में सभी अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में निरीक्षण करें। साथ ही बारिश के सीजन को देखते हुए जर्जर इमारत को चिह्नित कर जांच करें। बारिश में जलभराव की समस्या और सीवर ओवर फ्लो की शिकायत नहीं हों, इससे पहले ही ठोस प्लानिंग के साथ निस्तारण किया जाएं। निरीक्षण के दौरान हेरिटेज निगम अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण कुमार वर्मा, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उपायुक्त युगांतर शर्मा और इंजिनियर विंग के अधिकारी मौजूद रहे।

इससे पहले निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने शहर की सफाई व्यवस्था को जानने के लिए औचक निरीक्षण किया। जिसमें आयुक्त निधि पटेल ने कलेक्ट्री सर्कल, बनीपार्क, सुभाष नगर, खासा कोठी, जय सिंह हाइवे आदि इलाकों में सफाई व्यवस्था देखी। इस दौरान निगम आयुक्त ने सड़क पर कचरा देख मौके पर ही स्वास्थ्य निरीक्षक को बुला सफाई कराई। आयुक्त ने वार्डो में भी डोर टू डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था देखी।